NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 52/NCRES/19 Date : 15.02.2019

श्रीमान प्रधान मुख्य सिग.एवं दूरसंचार अभियन्ता
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद

विषयः— S&T विभाग के टेक्नीशियन और हेल्पर का ड्रेस कोड।
सन्दर्भः—उप मु0 सिग एवं दूरसंचार इंजी/मु/उ.म.रे इलाहाबाद द्वारा जारी पत्र संख्या NCR/S&T/NCR/S&T/5016/Store/Uniform(Part-1) दिनांक 28.01.2019

महोदय,

अवगत कराना है कि NCRES के साथ महाप्रबन्धक स्तर पर सम्पन्न दिनांक 23 जनवरी 2019 की PNM बैठक के प्रारम्भिक भाषण में NCRES ने S&T विभाग के टेक्नीशियन एवं हेल्पर के लिये नये ड्रेस कोड के रूप में स्काई ब्लू शर्ट एवं डार्क ब्लू पैंट जारी करने की मांग किया था, जिसपर प्रधान मुख्य सिग. एवं दूरसंचार अभ्यिन्ता द्वारा आश्वासन दिया गया था कि S&T विभाग के टेक्नीशियन व हेल्पर को स्काई ब्लू शर्ट एवं डार्क ब्लू पैंट के लिये आदेश जल्द जारी किया जायेगा।

NCRES की मांग पर उप मुख्य सिग. एवं दूरसंचार अभियन्ता ने दिनांक 28.01.2019 को आदेश जारी किया है जिसके अनुसार S&T विभाग में टेक्नीशियन एवं हेल्पर का ड्रेस कोड स्काई ब्लू शर्ट एवं डार्क ब्लू पैन्ट रहेगा।

S&T विभाग के कर्मचारियों के हित में लिये गये निर्णय पर NCRES हर्ष व्यक्त करते हुये PCSTE महोदय के प्रति आभार व्यक्त करता है और अवगत कराना चाहता है कि रेलवे बोर्ड स्तर पर NFIR द्वारा उठाये गये मुद्दो पर आदेश जारी करते समय रेलवे बोर्ड अपने आदेश में NFIR का जिक्र अवश्य करता है लेकिन खेद के साथ अवगत कराना है कि Dy. CSTE द्वारा जारी किये गये आदेश दिनांक 28.01.2019 में NCRES का जिक्र नही है।

अतः NCRES का अनुरोध है कि ड्रेस अलाउन्स के सम्बन्ध में जारी Dy. CSTE के ओदश दिनांक 28.01.2019 का शुद्धिपत्र जारी कर एवं उसमें NCRES का जिक्र करने और प्रति NCRES को देने के लिये उचित आदेश करने का कष्ट करे।

संलग्नः— उप मु0 सिग एवं दूरसंचार इंजी/मु/उ.म.रे इलाहाबाद का पत्र संख्या NCR/S&T/NCR/S&T/5016/Store/Uniform(Part-1) दिनांक 28.01.2019

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री